# कार्यालय- जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, कुशीनगर

पत्रांक –एस०एस०ए०/के०जी०बी०वी०/चयन /5499–5502/2021 -22 दिनांक – 17.07.2021

विज्ञप्ति

शासनादेश संख्या -15 53 /68-05-2020,बेसिक शिक्षा अनुभाग-5 लखनऊ ,दिनांक 11.12.2020 एवं महानिदेशक स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक समग्र शिक्षा ,राज्य परियोजना कार्यालय लखनऊ के पत्रांक के०जी०बी०वी० /शिक्षक/83 62 /2020-21 दिनांक 04.01.20 21 के क्रम में जिलाधिकारी महोदय के अनुमोदनोपरान्त जनपद कुशीनगर में संचालित 14 कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालयों में निम्नवत रिक्त पदों पर नियत मानदेय एवं संविदा के आधार पर शैक्षिक सत्र 2021 -22 के लिए शैक्षिक /शिक्षनेत्तर कार्मिको के नवीन चयन हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं

| क्रम संख्या | पद नाम | विषय | कुल पद | आरक्षण की श्रेणी | | | नियत मानदेय प्रतिमाह (रूपया में) | अनिवार्य शैक्षिक व प्रशिक्षण योग्यता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अनारक्षित | पिछड़ा वर्ग | अनु० जाति | | |
| 1 | पूर्ण कालिक शिक्षिका | गणित | 11 | 07 | 01 | 03 | 22000 | पी०सी०एम० वर्ग से प्रशिक्षित स्नातक एवं उच्च प्राथमिक स्तर की टी०ई०टी० |
| 2 | पूर्ण कालिक शिक्षिका | विज्ञान | 11 | 06 | 03 | 02 | 22000 | जेड०बी०सी० वर्ग से प्रशिक्षित स्नातक एवं उच्च प्राथमिक स्तर की टी०ई०टी० |
| 3 | पूर्ण कालिक शिक्षिका | सामाजिक विषय | 01 | --- | --- | 01 | 22000 | इतिहास,भूगोल एवं नागरिकशास्त्र में से किसी एक विषय से स्नातक उपाधि एवं उच्च प्राथमिक स्तरकी टी०ई०टी० |
| 4 | पूर्ण कालिक शिक्षिका | अंग्रेजी | 04 | 01 | 02 | 01 | 22000 | अंग्रेजी विषय से प्रशिक्षित स्नातक एवं उच्च प्राथमिक स्तरकी टी०ई०टी० |
| 5 | अंशकालिक शिक्षक/शिक्षिका | कम्प्यूटर | 05 | 01 | 01 | 03 | 9800 | प्रशिक्षित स्नातक एवं एन०सी०टी०ई० से मान्य बी० एड०/समकक्ष एल०टी०प्रशिक्षण योग्यता एवं उच्च प्राथमिक स्तरकी टी०ई०टी०, पी० जी० डी०सी० ए०/ बी०सी०ए० /बी०एस०सी० कंप्यूटर साइंस अथवा स्नातक सहित डी ०ओ०ई०ए० सी० सी० या समकक्ष संस्था से ओ लेवल/ए लेवल डिप्लोमा आदि |
| 6 | अंशकालिक शिक्षक/शिक्षिका | स्काउट गाईड एवं शारीरिक शिक्षा | 02 | 02 | --- | --- | 9800 | बी०पी०एड०, सी०पी०एड०एवं डी०पी०एड० आदि उपाधि |
| 7 | अंशकालिक शिक्षक/शिक्षिका | कला क्राफ्ट एवं संगीत /गृह शिल्प | 10 | 06 | 03 | 01 | 9800 | कल क्राफ्ट एवं संगीत /गृहशिल्प से स्नातक उपाधि सहित एन०सी०टी ०ई०से मान्य बी०एड०/समकक्ष एल० टी०प्रशिक्षण योग्यता एवं उच्च प्राथमिक स्तरकी टी०ई०टी० |
| 8 | सहायक रसोईया | | 01 | 01 | | | 5175 | कक्षा-8 उत्तीर्ण |
| | | योग | 45 | 24 | 10 | 11 | | / |

आवश्यक निर्देश –

1 – पूर्णकालिक शिक्षिकाओं के पदों के लिए निर्धारित योग्यता उच्च प्राथमिक स्तर की टी०ई०टी०एवं प्रशिक्षित स्नातक होगी |प्रशिक्षण उपाधि के अंतर्गत एन सी टी ई से मान्य बी एड /समकक्ष एल टी इत्यादि प्रशिक्षण को सम्मिलित किया जायेगा |

2 - कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालयों के ऐसे शिक्षक /शिक्षिका जो शैक्षिक वर्ष 2020 – 21 में नवीन संविदा से वंचित हुए हो ,उन शिक्षको को चयन हेतु शैक्षिक अर्हता में शासनादेश संख्या /के०जी०बी०वी० / 3-2 /1916 /2013 -14 दिनांक

DC(GE)

29.07.2013 के पूर्व कार्यरत शिक्षको के लिए टी० ई ० टी ० अनिवार्य नही होगी | आवेदक को तत्संबंधी प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा |

3 – कला क्राफ्ट एवं संगीत आदि विषयो के लिए शैक्षिक योग्यता स्नातक उपाधि सहित प्रशिक्षण उपाधि होगी तथा गृह शिल्प के शिक्षक /शिक्षिका का पद कला क्राफ्ट एवं संगीत के पद के अंतर्गत ही माना जायेगा |

4 – बी०पी० एड ० ,सी०पी०एड ० तथा डी०पी० एड०आदि उपाधिया केवल शारीरिक शिक्षा के अध्यापन हेतु मान्य होंगी किन्तु शारीरिक शिक्षा पद पर चयन हेतु बी०पी० एड ० ,सी०पी०एड ० तथा डी०पी० एड० अभ्यर्थियों हेतु टी० ई० टी० अनिवार्य नही होगी |

5 – सहायक रसोईया हेतु शैक्षिक योग्यता कक्षा -8 उत्तीर्ण होगी तथा अभ्यर्थी को शारीरिक अक्षमता एवं संक्रामक रोग से ग्रस्त नही होना चाहिये|

6 - - कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालयों के ऐसे शिक्षक /शिक्षिका जो शैक्षिक वर्ष 2020 – 21 में नवीन संविदा से वंचित रहे हो ,उन्हें कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालयों में की गयी सेवा अवधि के प्रत्येक सम्पूर्ण शैक्षिक वर्ष के लिए 02 अंक अतिरिक्त भारांक दिया जायेगा किन्तु अधिकतम भारांक 30 अंक से अधिक नही दिया जाएगा |

7 –समस्त स्टाफ की न्यूनतम आयु चयन वर्ष की 01 अप्रैल 20 21 को 25 वर्ष तथा अधिकतम आयु चयन वर्ष की 01 अप्रैल 20 21 को 45 वर्ष से अधिक न हो , किन्तु कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालयों के ऐसे शिक्षक /शिक्षिका जो शैक्षिक वर्ष 2020 – 21 में नवीन संविदा से वंचित हुए हो ,उन शिक्षको द्वारा कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालयों में रिक्तियों के सापेक्ष होने वाले नवीन चयन में आवेदन करने पर उन्हें चयन हेतु आयु सीमा में कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय में कार्यरत रहने की अवधि के समतुल्य छूट प्रदान की जायेगी ,परन्तु प्रतिबन्ध यह है कि सम्बंधित शिक्षक/शिक्षिका की आयु 60वर्ष से अधिक न हो |

8 – उपरोक्त पदों में आरक्षण राज्य सरकार द्वारा निर्धारित प्रावधानों के अधीन होगा |

9 – शैक्षिक अंकपत्र /प्रमाणपत्र /अनुभव प्रमाण पत्र तथा सक्षम अधिकारी द्वारा जारी अद्यतन जाति प्रमाण पत्र स्व –प्रमाणित होना चाहिये |

10 – चयन के सम्बन्ध में जिला स्तरीय समिति का निर्णय अंतिम निर्णय माना जायेगा |

11 – आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में फुल स्केप कागज पर एक ही पृष्ठ पर होना अनिवार्य है | अपूर्ण /हस्ताक्षर रहित /निर्धारित प्रारूप से इतर आवेदन पत्र निरस्त कर दिए जायेंगे |लिफाफे के ऊपर आवेदित पद का नाम व विषय का नाम स्पष्ट रूप से अंकित किया जाय |

12 – एक लिफाफे में केवल एक ही आवेदन पत्र स्वीकार किया जायेगा |एक लिफाफे में एक से अधिक आवेदन पत्र प्राप्त होने पर सभी आवेदन निरस्त क्र दिए जायेंगे |

13 – आवेदन पत्र के साथ अपनी दो स्व-प्रमाणित फोटो ,समस्त शैक्षिक अंक पत्र ,प्रमाण पत्र ,अनुभव (के०जी०बी०वी०),सामान्य निवास प्रमाण पत्र,जाति प्रमाण पत्र राजपत्रित अधिकारियों द्वारा निर्गत 02 चरित्र प्रमाण पत्र ,आधार कार्ड,उच्च प्राथमिक स्तरशिक्षक पात्रता परीक्षा प्रमाण पत्र एवं अन्य वांछित प्रमाण पत्रों की स्व-प्रमाणित छायाप्रतियों के साथ अपना स्वयम का पता लिखे 02 लिफाफे स्पीड पोस्ट अथवा रजिस्टर्ड पोस्ट के निर्धारित शुल्क के डाक टिकट लगे हुये संलग्न करना अनिवार्य है |

14 – केवल स्पीड पोस्ट /पंजीकृत डाक से ही आवेदन पत्र स्वीकार किया जायेगा | साधारण डाक अथवा अन्य किसी माध्यम से प्राप्त आवेदन पत्र स्वीकार नही किया जायेगा |

15 – किसी भी सेवा ,संस्था,एवं कार्यालय से बर्खास्त आपराधिक ,नैतिक/चारित्रिक अक्षमता के अपराध के लिए दोष सिद्ध एवं दिवालिया व्यक्ति आवेदन एवं चयन के लिए अर्ह नही होंगे |

16- रिक्तियों की संख्या आवश्यकतानुसार घट/बढ़ सकती है तथा किसी भी पद के लिए विज्ञापन निरस्त करने का सर्वाधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित है |

17 – उक्त विज्ञप्ति का एवं आवेदन पत्र का प्रारूप जनपद के वेबसाइट www.kushinagar.nic.in पर क्लिक करके डाउनलोड किया जा सकता है |

18 – इच्छुक पत्रताधारी अभ्यर्थी अपने आवेदन पत्र दिनांक 05 .08.2021 के सायं5:00 बजे तक कार्यालय जिला बेसिक अधिकारी कुशीनगर , पिन कोड - 274304 को केवल स्पीड पोस्ट /रजिस्टर्ड डाक से प्रेषित कर सकते हैं |

19 – कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालयों में शैक्षिक स्टाफ यथा पूर्ण कालिक शिक्षिका ,अंशकालिक शिक्षक /शिक्षिका के पद पर चयन मेरिट के आधार पर काउंसिलिंग कराकर किया जायेगा |सहायक रसोईया के पद पर चयन साक्षात्कार द्वारा किया जायेगा |काउंसिलिंग /साक्षात्कार हेतु कोई भी मार्ग व्यय अथवा अन्य भत्ता देय नही होगा |

20 – पूर्णकालिक शिक्षिका, सहायक रसोईया के पद पर केवल महिला अभ्यर्थियों का चयन किया जायेगा |

DC(GE)

21 – उपरोक्त समस्त पद एक शैक्षिक सत्र (11 माह 29 दिन ) के लिए संविदा आधारित होंगे तथा कार्य संतोषजनक होने की दशा में जनपद स्तरीय समिति के अनुमोदन के उपरान्तसंविदा विस्तार किया जायेगा अन्यथा नहीं |

22- विज्ञप्ति को किसी भी समय निरस्त करने का अधिकार जनपदीय समिति के पास रक्षित होगा ,जिस हेतु कोई भी वाद मान्य नही होगा |

23- विज्ञप्ति लिपिकीय त्रुटि के संधान के अधीन रहेगी |उपरोक्त समस्त चयन मा० न्यायालय में योजित याचिकाओं में मा० न्यायालय द्वारा पारित आदेश के अधीन होगा |

(नीरज कुमार पाण्डेय )
जिला समन्वयक (बालिका शिक्षा )
कुशीनगर

(विमलेश कुमार )
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
कुशीनगर

पृ०सं० /एस०एस०ए०/ के०जी०बी०वी०/चयन / /2021-22 दिनांक – 17.07.2021

प्रतिलिपि-निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –

1 – जिलाधिकारी महोदय,कुशीनगर |

2 - मुख्य विकास अधिकारी महोदय ,कुशीनगर |

3 – जिला सूचना विज्ञान अधिकारी ,कुशीनगर को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति को जनपद के वेबसाईट पर अपलोड करने का कष्ट करें |

4 – ब्यूरो चीफ ,दैनिक समाचार पत्र दैनिक जागरण ,अमर उजाला,एवं हिन्दुस्तान को इस अनुरोध के साथ कि उक्त विज्ञापन अपने सम्मानित समाचार पत्र में न्यूनतम आकार में प्रकाशित कर साथ ही बिल भुगतान हेतु प्रस्तुत करें |

जिला समन्वयक (बालिका शिक्षा )
कुशीनगर

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
कुशीनगर

# जनपद- कुशीनगर में कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालयों में चयन हेतु आवेदन-पत्र का प्रारूप

1 – आवेदित पद का नाम ........................................................

2 – विषय (केवल पूर्णकालिक शिक्षिकाओं व अंशकालिक शिक्षक/शिक्षिकाओं हेतु )..............................

3 – अभ्यर्थी /अभ्यार्थिनी का पूरा नाम(हिन्दी में) ...................................................................

(अंग्रेजी के कैपिटल लेटर में ) ...............................................................................................

4 – पिता का नाम .................................... पति का नाम ..................................................

5 – जन्म तिथि ..........................................................................................................

6 – आयु .................          वर्ष .................. माह ................दिन ................................

7 – जाति ...................................................................................................................

8 – गृह जनपद का नाम व पता (थाना सहित )...................................................................

पिन कोड ................................................................................................................

9 – पत्र व्यवहार का पता (थाना सहित ) ..........................................................................

पिन कोड -...............................................................................................................

10 – शैक्षिक योग्यता –

| क्र० सं० | शैक्षिक योग्यता | संस्था/बोर्ड/ वि०वि०का नाम | विषय | उत्तीर्ण वर्ष | पूर्णांक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हाई स्कूल | | | | | | |
| 2 | इंटरमीडिएट | | | | | | |
| 3 | स्नातक | | | | | | |
| 4 | प्रशिक्षित स्नातक | | | | | | |
| 5 | उ०प्र०स्तर की टी० ई० टी० | | | | | | |
| 6 | अन्य | | | | | | |

11 – कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय में शिक्षण का अनुभव (प्रमाणित प्रमाण पत्र संलग्न करें )|

| क्रम संख्या | के०जी०बी०वी०का नाम | प्रथम संविदा की तिथि | अंतिम संविदा की तिथि | शिक्षण कार्य का अनुभव | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | दिन | माह | वर्ष |
| | | | | | | |

12 – संलग्नको का विवरण –

| | |
|---|---|
| 1 | 6 |
| 2 | 7 |
| 3 | 8 |
| 4 | 9 |
| 5 | 10 |

## घोषणा पत्र

मै ...................................... पुत्र /पुत्री /पत्नी ..................................................शपथ पूर्वक यह घोषणा करता /करती हूँ कि आवेदन पत्र में उक्तवत दिए गए समस्त जानकारी पूर्णतया सत्य है एवं किसी तरह का तथ्य गोपन नही किया गया है |चयन के पूर्व अथवा बाद में जाचोपरांत कोई भी विवरण असत्य/प्रमाण पत्र फर्जी /कूटरचित पाये जाने पर जनपदीय चयन समिति /सक्षम प्राधिकारी को मेरा /मेरी सेवा अनुबंध समाप्त करते हुये प्राथमिकी दर्ज कराने व भुगतानित मानदेय की वसूली का अधिकार होगा | आवेदन पत्र में अंकित सूचनाओं से सम्बंधित मूल प्रमाण पत्र/अंक पत्र आवेदन करने की तिथि से मेरे पास उपलब्ध है |

अभ्यर्थी/अभ्यार्थिनी का पूर्ण हस्ताक्षर

दिनांक ...................................................

